हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 जलाशयों के पास लोग ले रहे सेल्फी



# ब्रांडेड कंपनियों के बीज से भी खेत में नहीं लगा थरहा, चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

एक तरफ किसान खाद की समस्या से जूझ रहे है तो वहीं दूसरी ओर नकली और गुणवत्ताहीन बीज की बिक्री का असर अभी से ही किसानों की फसल पर नजर आ रहा है। नकली और अमानक बीज के कारण किसानों के खेत में अब थरहा तक तैयार नहीं हो रहे है। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। हैरानी की बात तो यह है कि दुकान संचालक महंगी कीमतों पर घटिया बीज बेचने के बाद अब अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ ले रहे है।

बता दें कि खरीफ सीजन में किसानों को इस बार खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है और कई स्थानों पर अमानक खाद की सप्लाई की जा रही है। इसके साथ ही जिले में बड़े पैमाने पर नकली बीज की बिक्री के मामले भी सामने आ रहे है। हाल ही में कुछ छापेमार कार्रवाई से इस बात की पुष्टि भी हुई है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि कार्रवाई सिर्फ सैम्पल लेने तक ही सीमित रह गई और अब खाद बीज माफियाओं की मनमानी का खामियाजा किसानों को चुकानी पड़ रही है। किसानों ने अपनी गाढ़ी पूंजी लगाकर दूकान दारों से महंगे कीमतों पर बीज की खरीदी की थी और अच्छी बारिश के बाद किसानों ने बड़ी उम्मीद से अपने खेतों में बीज डालकर थरहा लगाया था लेकिन अब समय बीतने के बाद किसानों के खेत में थरहा तैयार ही नहीं हुआ। ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई है और उन्हें अब अपने सालभर के फसल के नुकसान का डर सता रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसान दुकानों में जाकर संचालकों से इसकी शिकायत कर रहे है तो दुकान संचालक द्वारा अपने हाथ खड़े करते हुए कहा जा रहा है कि हम क्या कर सकते है और कम्पनी से ही ऐसा बीज भेजा गया है।

### नकली बीज के कारोबार से किसानों को होगा बड़ा नुकसान

#### नकली बीज के कारण हुआ नुकसान

लखनपुर क्षेत्र के किसान रूदन राम राजवाड़े, राजू राम, मंगल राम सहित अनेकों किसानों ने बताया कि धान बीज दुकान से ब्रांडेड कंपनी धान लेने के बावजूद भी खेतों में थरहा तैयार नहीं हुआ है। 20 से 40 फीसदी बीज नहीं उग रहे है। ऐसे में काफी परेशान है क्यों कि पैसे के साथ समय का भी नुकसान हो रहा है। दुकान वाले से शिकायत करने पर कंपनी की गलती का हवाला देकर वापस भेज दे रहे हैं। दुकान संचालक और अधिकारियों की लापरवाही से ठगा सा महसूस हो रहा है। कोई किसानों के सुनने वाला नहीं है, कई किसान डुप्लीकेट बीज के कारण खेती में पिछड़ रहे है जिससे भारी नुकसान होगा।



#### की जाएगी कार्रवाई

किसानों की शिकायत मिली है। धान बीज की जांच के लिए टीम को लखनपुर भेजा गया है। दुकानों की बीज जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
पिताम्बर सिंह दीवान
उप संचालक कृषि

### ठेले गुमटियों में बिक रहे खाद बीज

विकासखंड क्षेत्र में धान खाद बीज के बेहिसाब दुकान खुल गये है। दुकान संचालकों द्वारा मनमाने दरों पर गुणवत्ताहीन धान बीज धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है। नगर में किराना दुकानों, छोटे-छोटे ठेलो में बिना किसी मापदंड के धान बीज की बिक्री हो रही है। क्षेत्र के कुछ पुराने दुकानों को छोड़कर ज्यादातर दुकान संचालकों मनमाना तरीके से बीज दुकान में बिना रेट लिस्ट, बिना रसीद के महंगे दामों में बीज बिक्री की जा रही है। संचालकों के पास एक-दो कंपनी के बीज का लाइसेंस है और वे धड़ल्ले से कई कम्पनियों के बीज बेच रहे है और किसानों को किसी प्रकार की रसीद भी नहीं दी जा रही है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बिक रहे बीज अब उग नहीं रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि खाद बीज दुकान संचालकों की इस मनमानी पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है और जांच के नाम पर भी खाना पूर्ति चल रही है।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन

**अंबिकापुर।** बौध धर्म के धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन 6 जुलाई को दुनियाभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बीच छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में भी धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिन को खास बनाने के लिए तिब्बती समुदाय के लोग जुट गये है। रविवार को धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में तिब्बती शरणार्थी रहते है और उन्होंने अपनी सभ्यता और संस्कृति को संजोकर रखा है। वे प्रतिवर्ष धर्मगुरु दलाई लामा का जन्म दिन धूमधाम से मनाते है लेकिन इस बार धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्म दिन मनाया जाना है। धर्मगुरु के जन्म दिन को लेकर तिब्बती शरणार्थियों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। तेनजिंगलवंग तिब्बत सेटेलमेंट ऑफिस सचिव ने बताया कि इस बार दलाई लामा का जन्म दिवस खास होने वाला है क्योंकि इस साल धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया जाएगा। सुबह पूजा, कल्चरल डांस प्रोग्राम का आयोजन होगा जिसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोग अपनी पारम्परिक वेशभूषा में नजर आएँगे। कार्यक्रम स्थल के साथ ही आस पास के क्षेत्र को सजाया जा रहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लटोरी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर निवासी धरमपाल राजवाड़े आ. केशुराम राजवाड़े (30 वर्ष) गत दिन बाइक से लटोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई।

### सम्बलपुर में करंट लगने से युवक की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम संबलपुर चंदौरीडाड़ निवासी 25 वर्षीय युवक बृजलाल पिता बुधराम की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि मृतक अपने घर में अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था और टेंट हाउस में मजदूरी का कार्य करता था जो गत 30 जून को घर से काम पर निकला था,शुक्रवार को उसका शव घर के बाहर पड़ा हूआ मिला।उसके शरीर के ऊपर बिजली का तार व प्लास पड़ा हुआ पाया गया। पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।

### बस ने कार को मारी टक्कर बाल बाल बचे सवार

**अंबिकापुर।** बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटें नहीं आई। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी 27 वर्षीय अमित कुमार नायक आ. धनियत नायक 5 जुलाई को अपनी क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 डीएक्स 4277 से ग्राम सेमरा से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह 11 बजे डीपाडीह कला में विपरीत दिशा से आ रहे हिन्दुस्तान बस क्रमांक सीजी 15 ईई 2272 के चालक चंद्रपाल भुईहर ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को दाहिने तरफ से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार स्वामी अमित कुमार उसके साथी फिरोज आलम बाल बाल बच गये लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### 3 एसपी, 3 एएसपी के साथ ही 15 डीएसपी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

# मैनपाट में रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा 700 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज 7 जुलाई से होने जा रहा है और इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, विधायक, सांसद के साथ ही संगठन के पदाधिकारी रविवार से ही मैनपाट पहुंचने लगेंगे। इस दौरान अगले तीन से चार दिनों तक पूरा मैनपाट कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहेगा। व्हीआईपी मूवमेंट के कारण दरिमा एयरपोर्ट से लेकर मैनपाट में 7 सौ से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही आईपीएस अधिकारी से लेकर टीआई सुरक्षा की कमान खुद संभालेंगे।

**खास बात**

- पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

मैनपाट में 7 से लेकर 9 जुलाई तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही संगठन मंत्री बीएल संतोष, शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित बारह प्रमुख लोग मंत्री-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान मैनपाट में भारी मूवमेंट रहेने वाला है और इस दौरान मैनपाट में कड़ी सुरक्षा भी रहेगी। मैनपाट में होने वाले इस कार्यक्रम में 7 सौ से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही इस पूरे कार्य्रक्रम के दौरान व्हीआईपी सुरक्षा की कमान 3 एसपी, 3 एएसपी, 15 डीएसपी लगभग 50 निरीक्षकों के हाथों में होगी।

पुलिस बल को दरिमा एयरपोर्ट से तैनात किया जाएगा जो मैनपाट कार्यक्रम स्थल व उसके आस पास के क्षेत्र को कवर करेंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोई परिंदा भी मैनपाट में अपनी मर्जी से पर नहीं मार पाएगा। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन के दौरान इस सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ी कर दिया जाएगा।



तैयारियों के संबंध में चर्चा करते पदाधिकारी।

#### आज से शुरू होगा आगमन

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए अतिथियों के आगमन का सिलसिला रविवार से ही शुरू हो जाएगा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक के साथ ही संगठन के लोग रविवार की दोपहर बाद मैनपाट पहुंचने लगेंगे जबकि मुख्य अतिथि कार्यक्रम के दिन 7 जुलाई को मैनपाट पहुंचेगे। वर्तमान स्थिति में 6 जुलाई को प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक विक्रम उसेंडी के आगमन का प्रोटोकॉल जारी किया जा चुका है।

#### पर्यटकों के लिए आवाजाही होगी कठिन

छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में प्रशिक्षण शिविर के दौरान भारी चहल पहल रहेगी। कार्यक्रम के लिए मैनपाट के सभी सभी रेस्ट हाउस, निजी होटल बुक हो चुके है। इसके साथ ही चारो तरफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ऐसे में मैनपाट आने वाले शैलानियों को कठिनाइयों का सामना कर पड़ सकता है।

#### कार्यक्रम स्थल के आस पास लगेंगे तड़ित चालक

इन दिनों सरगुजा में मानसून सक्रिय है और बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। बारिश के मौसम में मैनपाट में गाज गिरने की घटनाएं सामने आती रहती है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से मैनपाट में बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए 11 तड़ित चालक प्रशिक्षण स्थल के आस पास लगाए जा रहे है। तड़ित चालक लगाए जाने से आकाशीय बिजली गिरने और किसी भी प्रकार के नुकसान की संभावना समाप्त हो जाएगी और कार्यक्रम के बाद यही तड़ित चालक क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के काम आएंगे।

# शराब के नशे में शिक्षक करता था बच्चों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

क्षेत्र में लगातार शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है। हाल ही में प्रधान पाठक का शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस करने का वीडियो वायरल हुआ और अब एक बार फिर से एक सहायक शिक्षक द्वारा बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करने की बात सामने आई है। इस मामले में बच्चों और उनके परिजन ने अधिकारियों ने शिकायत की। शिकायत के बाद जांच उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- जांच के बाद डीईओ ने किया निलंबित

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनहत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो के खिलाफ शिकायत की थी कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आते है और बच्चों से मारपीट करते है। इस मामले की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1ली से 5वीं तक के बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करते है। शिक्षक का यह बर्ताव छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-03 का स्पष्ट उल्लंघन है। शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा ने सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में छोटेलाल पंडो का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पंडो को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# ससुर-दामाद के जमीन विवाद में कूद पड़े पसोसी, की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



जमीन गिरवी रखने को लेकर ससुर-दामाद के बीच चल रहे विवाद के बीच पड़ोसी कूद पड़े। आरोपियों ने ग्रामीण की जमकर पिटाई की और उसपर बसूला से हमला कर दिया। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने महिला और अपचारी बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने महिला व अपचारी बालक समेत चार को किया गिरफ्तार

बरियों पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिधमा निवासी अकबर भुईया के ससुर सोनू भुइया ने अपने खेत को 30 हजार रूपए में गांव के भरोसा के पास गिरवी रखा था। उक्त भूमि को अकबर ने 4 साल पहले छुडवा लिया और खेती कर रहा था। उक्त जमीन को पुनह सोनू भुइया गिरवी रखने की तैयारी कर रहा था और इसी बात को लेकर 21 जून को दोपहर 12 बजे अबकर और ससुर सोनू भुइया के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढने पर पड़ोसी अमीरनाथ, सुमीरनाथ, संजय व सोनमनी बीच बचाव के लिए आए थे। इस दौरान अकबर और उसकी पत्नी ने पड़ोसियों से झगड़ा शुरू कर दिया जिससे आक्रोशित होकर सभी ने मिलकर अकबर भुइया की डंडे से मारपीट शुरू कर दी और अमीरनाथ ने बसूला से अकबर के सिर पर वार कर दिया। इस घटना में अबकर भुइया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अबकर के पुत्र समीर भुईया की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरान्त सिधमा पटेलपारा निवासी 40 वर्षीय संजय भुईया आ. बलदेव भुईया, 19 वर्षीय अमीरनाथ भुईया आ. संजय भुईया, 39 वर्षीया सोनामनी पति संजय भुईया व एक विधि से संघर्षरत बालक को बीएनएस की धारा धारा 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा, बसूला बरामद किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि मुन्ना राम, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, भदेश्वर पैकरा, आरक्षक जगनाथ केराम, सुबोध पैकरा, सरिता, चमेली सक्रिय रहे।

# ऑपरेशन तलाश में पुलिस ने संभाग भर से लापता 508 लोगों को बरामद कर मिलाया परिवार से

**अंबिकापुर।** एक महीने के ऑपरेशन तलाश अंतर्गत पुलिस ने विभिन्न राज्यों में गुमनाम जिंदगी जी रहे सैकड़ों लोगों को बरामद कर उनके परिवार की खुशियाँ लौटाने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधिकारियों ने सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से लम्बे समय से लापता 508 लोगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजन से मिलाने में सफलता पाई है। बिना सूचना घर से लापता होने वाले लोगों में शादी शुदा महिलाएं एवं छोटे छोटे बच्चे भी शामिल है जिनके बिना परिवार सूना हो गया था तथा उन्हें तलाशने में असफल परिजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा लम्बे समय से लापता लोगों की तलाश के लिए 1 जून से 30 जून तक ऑपरेशन तलाश अभियान चलाया। अभियान में तकनीकी का सहारा लेकर पुलिस ने न केवल छत्तीसगढ़ की गलियों बल्कि तमिलनाडु, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड सहित अन्य राज्यों की खाक छानी एवं लम्बे समय से लापता लोगों को बरामद कर उनके परिवार से मिलाया। बिश्रामपुर की एक 42 वर्षीया महिला अचानक घर से लापता हो गई थी तथा परिजन को उसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। गुम की जांच में तकनीकी मदद से महिला के पास मोबाइल होने एवं गोंडा चौक दिल्ली में मौजूद होने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हुई तथा महिला को सकुशल बरामद कर परिजन से मिलाया। महिला के दो छोटे बच्चे अपनी मां को सामने देख गदगद हो उठे। इसी तरह राजपुर थाना की लम्बे समय से गायब 60 वर्षीया पहाड़ी कोरवा महिला के वाराणसी में मौजूद होने की जानकारी मिली। राजपुर पुलिस ने 10 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों के बीच से महिला को बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया। पुलिस ने लापता लोगों की तलाश में विभिन्न राज्यों का सफर किया तथा लापता लोगों की सफलतापूर्वक बरामदगी की। अभियान के तहत पुलिस लम्बे समय से लापता सरगुजा के 129, सूरजपुर के 115, बलरामपुर के 51, जशपुर के 110, कोरिया के 47 एवं एमसीबी के 56 कुल 508 लोगों को बरामद करने में सफलता पाई है।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, की गई आरती, रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु

# नौ दिन की मेहमानी कर मौसी के घर से लौटे जगन्नाथ महाप्रभु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसी के घर नौ दिनों तक मेहमानी करने के बाद जगन्नाथ महाप्रभु अपनी बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के साथ शनिवार को सुसज्जित रथ से वापस जगन्नाथ मंदिर अपने घर लौटे। इस दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा उनमें रथ खींचने की होड़ मची रही। महाप्रभु के रथ के आगे-आगे ढोल मजीरे की थाप पर पीले परिधान में श्रद्धालु भजनों पर झूमते चल रहे थे।

मौसी के घर जाने पूर्व महाप्रभु अस्वस्थ थे। इस दौरान मंदिर के पट बंद कर पुजारी द्वारा एक पखवाड़े तक विविध औषधियों से उनका उपचार किया गया। स्वस्थ होने के उपरांत जगन्नाथ महाप्रभु बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के साथ दुर्गाबाड़ी स्थित अपनी मौसी घर गए थे। इस दौरान मौसी के घर महाप्रभु की नियमित पूजा-आरती व भोग प्रसाद चलता रहा। मौसी के घर नौ दिनों तक मेहमानी करने के बाद शनिवार को महाप्रभु बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर वापस लौटे। इस अवसर पर भारी उत्साह के साथ श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा विवेकानंद चौक, गांधी चौक, आकाशवाणी चौक, मिशन चौक, तिवारी बिल्डिंग रोड का भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहां पूजा आरती उपरांत भगवान पूर्व की तरह विराजमान हुए। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रथ यात्रा का स्वागत किया। चोपड़ापारा रिंग रोड स्थित उड़िया पंडित कॉम्प्लेक्स के पास पंडित सत्यनारायण मिश्र, एवं उनके परिवार के सदस्यों ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया तथा सभी ने बारी-बारी से महाप्रभु की पूजा-आरती की। इस दौरान रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को भंडारे का हलवा एवं नमकीन के साथ जलपान कराया गया। मंदिर में शंख ध्वनि एवं घंटा बजाकर महाप्रभु का स्वागत किया गया। आरती उपरांत में मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रथ यात्रा में मंदिर समिति के सदस्य उत्कल समाज एवं बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल थे।





**जमीन बेचना है**

मेडिकल कॉलेज के समीप 15 डिसमिल जमीन बेचना है बंगला व अस्पताल निर्माण के लिए आदर्श स्थान इच्छुक सज्जन संपर्क करें।

मो.नं. 7566950555

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता पर न्यायाधीशों की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नालसा एवं मेडिएशन एंड कांउसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट के लिए मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने इस जिले के सिविल न्यायालय बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं जनकपुर के न्यायाधीशों की विशेष बैठक ली। विदित हो कि भारत के सभी तालुका न्यायालय, जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को समाप्त करने के लिए यह अभियान 90 दिनों तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी न्यायाधीश को अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के लिए रेफर करने के निर्देश दिए और अधिक से अधिक प्रकरणों को माध्यस्थता के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया जा सकता है, साथ ही दोनों पक्षों में सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है, मध्यस्थता में विवादों को निपटाने का सारा प्रयास स्वयं पक्षकारों का बना रहता है और निर्णय लेन का अधिकार भी पक्षकार का ही रहता है, कहीं भी विवशता एवं दबाव नहीं रहता है, पुरी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष होती है।

## चरचा कॉलरी में निकाला गया जुलूस

**चरचा कॉलरी।** मुहर्रम के पवित्र महीने के अवसर पर चरचा कॉलरी में मुस्लिम समुदाय द्वारा पारंपरिक जुलूस-ए-हुसैनी निकाला गया। यह जुलूस स्थानीय जामा मस्जिद से प्रारंभ होकर विवेकानंद कॉलोनी तक निकाला गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान युवा लाठी, डंडा एवं तलवारबाजी जैसे पारंपरिक युद्ध कौशल का प्रदर्शन करते हुए इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर रहे थे। कार्यक्रम की व्यवस्था अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सुचारु रूप से की गई। इस दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अमला भी सक्रिय रहा। मौके पर एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है, जिसे मुस्लिम समुदाय विशेष रूप से पवित्र मानता है। इस महीने की 10 वीं तारीख को आशूरा कहा जाता है, जो इस वर्ष 6 जुलाई को मनाया जाएगा। शिया मुसलमान इस दिन को कर्बला के रण में पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाते हैं, जबकि सुन्नी मुसलमान इसे पैगंबर मूसा द्वारा फिरऔन पर विजय प्राप्त करने के दिन के रूप में उपवास रखकर मनाते हैं। इस अवसर पर लंगर वितरण कर लोगों को सेवा भाव से जोड़ा गया। युवाओं ने हाथों में झंडे लिए या हुसैन के नारों के साथ भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

## पर्यावरण की रक्षा जीवन की सुरक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** नगर को हराभरा एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में ग्रीन वैली संस्था निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था के संजय गायकवाड़, नरोत्तम शर्मा, सुपरिटेंडेंट मोतीलाल यादव, मैकेनिकल इंजीनियर आनंद (मोंटू गोयल एवं परिवार) का इस पुनीत कार्य में सराहनीय योगदान रहा है। आशा एंटरप्राइजेज के मनोज मोनू, टेक्निकल एडवाइजर राजू भाई एमएससी बॉटनी, कृषि केन्द्र तथा रायपुर से अधिवक्ता संजय सिंधवानी के सहयोग से संस्था ने क्षेत्र में पौधरोपण, पौध संरक्षण तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जा रहा है।

ग्रीन वैली संस्था द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जिसमें नगरवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। लोग खुलकर सामने आ रहे हैं और निःस्वार्थ भाव से सहयोग कर रहे हैं, जिसकी बदौलत नगर पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित और सुंदर बनता जा रहा है। यह जनभागीदारी ही संस्था की सबसे बड़ी ताकत है। संस्था के सभी सदस्यों की ओर से सहयोग प्रदान करने वाले सभी का आभार प्रकट किया गया है। संस्था का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को हरित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है।

### वर्षा काल में नहीं बरत रहे सावधानी, प्रशासन ने किया है प्रतिबंधित

# जलाशयों के पास लोग ले रहे सेल्फी



धड़ल्ले से सेल्फी लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में इन दिनों लगातार हो रही तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और जलप्रपातों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। बावजूद इसके कई लोग रोमांच या सोशल मीडिया के चाव में जलाशयों, झरनों और बहते जल स्त्रोतों के पास जाकर सेल्फी या फोटो खिंचवाने का जोखिम उठा रहे हैं, जो किसी भी वक्त जानलेवा साबित हो सकता है।

प्रशासन द्वारा लगातार चेतावनी और अपील किए जाने के बावजूद, कुछ लोग कर्म घोघा, अमृतधारा जल प्रपात, जनकपुर स्थित रामदहा जलप्रपात और अन्य संवेदनशील स्थलों पर पहुंचकर अनावश्यक जोखिम उठा रहे हैं। विशेष रूप से अमृतधारा जल प्रपात, कर्म घोघेश्वर मंदिर क्षेत्र में जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया है, लेकिन फिर भी यहां पहुंचने वाले पर्यटकों द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से ऐसे स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि हर साल वर्षा ऋतु में ऐसे स्थलों पर दुर्घटनााएं होती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गवां चुकेक हैं, फिर भी लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही।

### जानलेवा साबित हो सकते हैं ये स्पॉट

अमृतधारा जलप्रपात भारी जलप्रवाह, फिसलन भरी चट्टानें कर्म घोघेश्वर धाम तेज बहाव वाला जल स्त्रोत, रामदहा जलप्रपात (जनकपुर) गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया पर रिल्स और डेरिंग सेल्फी के चलन ने युवाओं को बिना सोचे-समझे खतरनाक स्थलों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया है, जहां एक छोटी सी चूक भारी पड़ सकती है।

### सख्त रुख अपनाने की तैयारी

प्रशासन ने संकेत दिया है कि जलाशयों और संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग, तथा गश्ती दलों की नियुक्ति की जा रही है। साथ ही, नियम उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया जा सकता है। रोमांच और फोटो के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। प्रशासन की चेतावनियों का पालन करें और दूसरों को भी सतर्क करें।

## 11 से प्रारंभ होगा श्रावण मास



शिवालयों में विशेष पूजन की तैयारियां तेज

मनेन्द्रगढ़। आगामी 11 जुलाई से भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण मास आरंभ हो रहा है। इस विशेष अवसर को लेकर जिलेभर के सभी शिवालयों में व्यापक तैयारियां आरंभ हो गई हैं। श्रद्धालु पूरे मास शिव पूजन-अर्चन के माध्यम से पारिवारिक सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री सिद्धबाबा धाम, हसदेव गंगा तट, श्री कैलाश मंदिर जनकपुर, अमृतधारा शिव मंदिर तथा नीलकंठ महादेव मंदिर सहित जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष पूजन, रूद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को शिवभक्त विशेष जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर समितियां सुरक्षा, स्वच्छता एवं भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयारियों में जुटी हुई हैं। श्रावण मास में शिवभक्ति की गूंज से नगर धार्मिक उल्लास और आस्था के वातावरण में रंग जाएगा।

### सावन मास का महत्व

श्रावण मास (सावन) हिन्दू पंचांग के अनुसार भगवान शिव को समर्पित पवित्र महीना होता है, इसे भगवान शिव की उपासना का सर्वोत्तम समय माना जाता है। इस मास में शिवभक्त व्रत, जलाभिषेक, रूद्राभिषेक व मंत्र जाप के माध्यम से महादेव को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं।

# नए विद्युत उपकेन्द्र से जनकपुर के 142 गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- जंगल बचाते हुए 22.50 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत उपकेन्द्र स्थापित

एमसीबी जिले में 3 जुलाई को नवनिर्मित 1.40 एमवीए, 132/33 केवी उपकेन्द्र को प्रबंध निदेशक, छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी आरके शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेन्द्र व संबंधित पारेषण लाइन का निर्माण 22.50 करोड़ रुपए की लागत से किया गया।

सघन वनक्षेत्र होने के कारण यहां 100 किमी लंबी लाइन बिछाने पर बहुत सारे वृक्षों को काटना पड़ता, इससे बचने के लिए बहरासी के पास से निकलने वाली मध्यप्रदेश पारेषण कंपनी की 132 केवी अमरकंटक राजमिलान के माध्यम से 132 केवी सप्लाई प्राप्त की गई है। इस तरह वन बचाते हुए की गई व्यवस्था से नया उपकेन्द्र ऊर्जीकृत होने से जनकपुर तहसील के लगभग 142 गांवों के 15 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। जनकपुर तहसील के विद्युत उपभोक्ताओं को वर्तमान में विद्युत आपूर्ति मनेन्द्रगढ़ से 33 केवी लाइन से हो रही थी, जो कि 100 किमी लंबी है। सघन वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण लो-वोल्टेज की व फॉल्ट की स्थिति में लंबे विद्युत व्यवधान की समस्या बनी रहती थी। इस उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत होने से विद्युत प्रदाय की स्थिति में सुधार होगा। इस उपकेन्द्र के लिए 132 केवी लाइन राज्य में स्थित 132 केवी मनेन्द्रगढ़ उपकेन्द्र से लाने में सघन वनक्षेत्र में वृक्ष विदोहन करना पड़ता। पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए बहरासी के पास से निकलने वाली मध्यप्रदेश पारेषण कंपनी की 132 केवी अमरकंटक राजमिलान के माध्यम से 132 केवी सप्लाई प्राप्त की गई है। इस कार्य में एमपीपीटीसीएल व एमपी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशकों व अधिकारियों का विशेष सहयोग मिला। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, वीके दीक्षित, श्रीमती कल्पना घाटे, मुख्य अभियंता संजय तिवारी, यशवंत शिलेदार, अति मुख्य अभियंता पी गोसाई, एसके दुबे, अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा, श्री कंवर और वितरण तथा पारेषण कंपनी कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता उपस्थित रहे।





# शाउमा विद्यालय घुटरा में शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुटरा में शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य उजित नारायण सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रामनरेश सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, एसएमडीसी अध्यक्ष जनकलाल जायसवाल एवं सदस्य परमानंद यादव, लल्लू लाल पटेल, दलबीर चक्रधारी और सच्चू प्रसाद यादव शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप व अगरबत्ती अर्पित कर प्रार्थना एवं वंदना के साथ की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। शाला में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक, चंदन, पुष्पगुच्छ और मिष्ठान से स्वागत कर पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक गीतों और शाला प्रवेशोत्सव गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। गत वर्ष हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं पालकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख नारायण प्रसाद केवट, कार्यक्रम के उदघोषक राजकुमार वर्मा, व्याख्याता श्रीमती अनुग्रहित तिर्की, बिमला सिंह, सुश्री देवेन्द्र कुमारी, डीएल चौहान, तारिक सिद्दिकी एवं अखिलेश कुमार राय सहित विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में महिला सशक्तिकरण महिला एवं बाल विकास विभाग मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छग के द्वारा भारत सरकार की योजना बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनांतर्गत जिला कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल खड़गवां जिला-एमसीबी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ गुड टच, बैड टच साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, चाइड हेल्प लाइन 1098, सखी सेंटर 181, घरेलु हिंसा, लैंगिक उत्पिड़न, बाल-विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) मशिन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा परियोजना अधिकारी श्रीमती निर्मला बरवा वित्तीय साक्षरता समन्वय अनीता कुमारी साह, मास्टर ट्रेनर सुश्री प्रभावती वर्मा, उपस्थित रहे।

### लर्निंग लाइसेंस आरटीओ कैंप 13 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 13 जुलाई को विकासखंड मनेन्द्रगढ़, डोमनापारा स्थित कोलस्टोर के पास गोंडवाना भवन में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से विशेष आरटीओ कैंप का आयोजन किया जाना है। इस शिविर के माध्यम से इच्छुक नागरिकों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आम लोगों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तक बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

# बरबसपुर में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण



**बरबसपुर।** एमसीबी जिल के ग्राम पंचायत बरबसपुर में शुक्रवार को तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने 100 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की। श्रीमती पावले ने उपस्थित संग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि चरण पादुका योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित मोदी की गारंटी का एक अहम वादा था, जिसे छग में भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम, स्वाभिमान और सुरक्षा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं चलाना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव को पहुंचाना है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका उनकी आय और जीवन की स्थिरता में एक सहायक कदम है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि बरबसपुर में कुल 125, उजियारपुर में 106, महाराजपुर में 113, लाई में 335, तथा अमृतधारा क्षेत्र में 500 तेंदूपत्ता संग्राहक पंजीकृत हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 100 संग्राहक उपस्थित रहे, जिन्हें चरण पादुका का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला यूनियन संचालक श्रीमती इरावती, मंडल अध्यक्ष नागपुर, मीडिया प्रभारी महेश साहू, जनपद सदस्य रीना अग्रवाल, बरबसपुर सरपंच सोनमति सिंह, उजियारपुर सरपंच सोनी बाई, सोनवर्षा सरपंच श्यामवती सोनपाकर, सुरेन्द्र अग्रवाल सहित पंचगण एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सभी अधिकारी-कर्मचारी पहनें हेलमेट

- चार पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से लगाए सीट बेल्ट

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले की सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इस दिशा में ठोस एवं कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिला मुख्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यस्थल पर आने-जाने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी हेलमेट नहीं पहनते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। चार पहिया वाहनों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अब प्रशासनिक अमले को अनुकरणीय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करें। सड़क सुरक्षा को लेकर एक प्रभावी रणनीति तैयार करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन इस दिशा में कठोरता और सतर्कता दोनों के साथ कार्य करेगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य योजना निर्धारित करने के भी निर्देश दिए, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित की जा सके। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है ।

## 43 चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए जिला परिवहन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट की ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशों के तहत 43 वाहन चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित कर दिए हैं। यह कार्रवाई पुलिस विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में चालानी कार्रवाई के आधार पर की गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त प्रकरणों की जांच उपरांत अनुज्ञप्ति धारकों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया, जिसके पश्चात जिला परिवहन अधिकारी, कोरिया द्वारा यह निर्णय लिया गया। निलंबन अवधि में संबंधित वाहन चालक किसी भी प्रकार का वाहन नहीं चला सकेंगे।

# एसडीएम ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार द्वारा शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल चनवारीडांड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कक्षाओं की स्थिति एवं शौचालयों की सुव्यवस्था का सूक्ष्म अवलोकन किया और स्वच्छता की स्थिति की सराहना की। श्री सिदार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कक्षा की दीवारों पर अंकित प्रेरणादायक उद्धरणों की विशेष प्रशंसा की, जिसे उन्होंने विद्यार्थियों के लिए प्रेरक बताया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम श्री स्कूल, मिडिल स्कूल एवं हाईस्कूल चनवारीडांड़ का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जाति प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की प्रक्रिया को सरल व समय पर पूरा करने पर विशेष बल दिया।

### ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की उठी मांग, पुलिस को ध्यान देने की जरुरत

# वाहन की छत पर बैठकर सफर करते दिखे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मजदूरों को पिकअप, ऑटो, ओमनी वाहनों से ठूंस-ठूंस कर शहर की सड़कों से होकर आवागमन करते आसानी से आए दिन देखा जा सकता है। क्षमता से अधिक मजदूरों को तो भरा ही जाता है, कई बार तो ऑटो के पिछले हिस्से में कुछ मजदूर इनमें महिलाएं एवं युवतियां भी शामल रहती है, इसके अलावा पिकअप वाहन में पीछे लटककर भी कई मजदूर वाहन में आते-जाते दिखाई देते।

ओव्हरलोड भरकर चलने वाले ऐसे वाहनों पर किसी तरह की चालानी कार्रवाई नहीं होने के कारण बेखौफ होकर इस तरह का खतरनाक मंजर दिखाई देते रहता है, फिर भी पुलिस प्रशासन आंखे मूंदे हुए हैं। इस तरह की लापरवाही कभी भी मजदूरों के लिए गंभीर खतरा का कारण बन सकता है। बाजार दिवस ग्रामीण क्षेत्रों की ओर से आने -जाने वाले ऑटो में खतरनाक तरीके से सवारियों को भरकर आते-जाते देखा जा सकता है। क्षमता से अधिक ऑटो वाले सवारी भरकर फर्राटे भरते हुए चलते है, ऐसी लापरवाही की सवारी के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है, इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है ओव्हरलोड सवारी लेकर चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई करने की जरूरत है। इस ओर प्रशासन की अनदेखी कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।



वाहन की छत पर बैठकर यात्रा करते लोग।

### बिहार-झारखंड की तर्ज पर बेखौफ सवारी

कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मजदूरों को लाने ले जाने वाले पिकअप व ऑटो में क्षमता से अधिक मजदूरों को भरकर चलते तो हैं ही साथ ही कई बार खतरनाक तरीके से वाहन में लटक कर आते-जाते भी मजदूरों को देखा जा सकता है, इन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। इसी का नतीजा शुक्रवार को देखने को मिला, जब शहर के मुख्य मार्ग से ओमनी वाहन में दो मजदूर वाहन के छत में बैठकर सवारी करते देखे गए। शहर के मुख्य कुमार चौक से होकर बे रोक टोक ओमनी वाहन के छत पर बैठकर मजदूरों को आवागमन करते देखा गया। इस तरह की सवारी पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।

### घाटी क्षेत्रों में भी इस तरह की लापरवाही

मजदूरों को ढोने वाले वाहन सामान्य मार्ग पर क्षमता से अधिक मजदूरों को भरकर व वाहन में लटकाकर चलते हैं, इसके अलावा जिले के घाटी क्षेत्रों में भी मजदूरों की जान जोखिम में डालकर कई वाहन आवागमन करते हैं, जबकि घाटी क्षेत्र में इस तरह की सवारी खतरनाक साबित हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर भी ऐसी लापरवाही देखने को मिलती रहती है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ. मनीष चौरसिया
M.S. (General Surgery)
M.Ch. (Neuro Surgery)
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
मानसिक रोग के लक्षण
डॉ.बी.बी.कुमार
MBBS, MD (Medicine)
FIPM, Fellowship in Rheumatology
डॉ.आकाश गर्ग
MBBS,DNB (MEDICINE)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ.विनय कुमार
MBBS, MD (General Medicine)DM (Nephrology)
किडनी रोग विशेषज्ञ
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.आशु जैन
MS, MCH, FHU, Neuro Surgery
डॉ.निशांत कुमार साहू
06 जुलाई 2025 माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश बने विधायक प्रतिनिधि

**बलरामपुर।** नगर के मुकेश गुप्ता को कृषि मंत्री और विधायक राम विचार नेताम का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। मुकेश गुप्ता पूर्व में बलरामपुर नगर पालिका में पार्षद, एल्डरमैन, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के अलावा भाजपा में संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभा चुके हैं तथा वर्तमान में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेदारी मिलने के बाद मुकेश गुप्ता ने कृषि मंत्री श्री नेताम का आभार व्यक्त किया और अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।



### शैलेश नगर पालिका परिषद के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**रामानुजगंज।** विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने रामानुजगंज नगर पालिका परिषद में अपना प्रतिनिधि यानी विधायक प्रतिनिधि स्थानीय भाजपा नेता शैलेश गुप्ता को चुना है। शैलेश गुप्ता रामानुजगंज नगर पालिका परिषद में विधायक रामविचार नेताम का प्रतिनिधित्व करेंगे। शैलेश गुप्ता को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने से उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। शैलेश गुप्ता ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वे निर्वहन करेंगे। उनकी प्राथमिकता नगर वासियों की समस्याओं का समाधान नगर सरकार के साथ तालमेल बनाकर करेंगे। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर के लोगों तक उसका लाभ पहुचाना प्राथमिकता रहेगी।



## निधन

### सरबजीत कौर



**बिश्रामपुर।** नगर की सतपता मुख्य मार्ग निवासी सरबजीत कौर पत्नी हरविंदर सिंह का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया,वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी, शनिवार को उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम साँसे ली, उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जायेगा।

## भरी बरसात में नहर निर्माण के लिए खोद दिए मुख्य मार्ग

# तीन साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सका चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण जिस तरह से कछुआ गति से कराया जा रहा है अब वह लोगों के लिए परेशानी का सबब बन बया है। जलाशय एवं नहर निर्माण शुरू तीन साल हो गए परंतु आज तक पूरा नहीं हो सका जबकि कार्य को 9 माह के भीतर ही पूरा कर लेना चाहिए था। इधर भरी बरसात में ही महावीरगंज से चिनिया मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद देने से अब लोगो की परेशानी और भी बढ़ गई है। खोदे गए गड्ढे से न सिर्फ लोगों का आवागमन बाधित हुआ है बल्कि मार्ग से यात्री बस गुजरना भी बंद हो गया है। ऐसे में लोगों को अन्य मार्ग से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- आवागमन बाधित,लोगों की बढ़ी परेशानी

जल संसाधन विभाग द्वारा चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं दो किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपए लागत से 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को एक बेहतर सुविधा उपलब्ध होने की आस जगी थी और यह कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु 3 वर्ष के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका। कछुआ की गति से चल रहे कार्य से लोगों की उम्मीद को निराशा में बदल दिया। इधर 20 दिन पूर्व ही ठेकेदार द्वारा महावीरगंज चीनिया या मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद दिया गया है जिस कारण से इस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है यहां तक की लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मार्ग के अवरुद्ध होने से सैकड़ों लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है यहां तक की अब मार्ग से यात्री बस गुजरना भी बंद हो गया जिससे लोगों को कई तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है।



नहर निर्माण के लिए खोदी गई सड़क।

### बच्चों को स्कूल जाने में भी हो रही है परेशानी

चिनिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे महावीरगंज स्कूल पढ़ने जाते हैं परंतु मुख्य मार्ग के खोद दिए जाने के कारण स्कूल आना-जाना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र के लोगों किसी प्रकार दूसरे मार्ग से बच्चों को स्कूल पहुंचाते है जिससे अब अभिभावकों की भी परेशानी बढ़ गई है। अभिभावकों ने तत्काल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

### गुणवत्ता पर भी उठ रहे हैं सवाल

जिस प्रकार से जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। कार्य धीमी गति से चल रहा है वहीं इसके गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। कई बार ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर शिकायत की परंतु इस ओर ध्यान तक नहीं दिया गया और न ही काम में तेजी आ सकी। ऐसे में जिस तरह से जलाशय एवं नहर निर्माण चल रहा है इसका लाभ मिलने किसानों को और भी इंतजार करना पड़ सकता है।

### तय करना पड़ता है 14 किमी अतिरिक्त दूरी

महावीरगंज से पहले लोग सीधे चिनिया रामचंद्रपुर सहित अन्य गांवों तक चल जाते थे परंतु रोड बाधित होने के कारण अब कनकपुर होकर 14 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। यही यदि बगरा होकर जाते हैं तो यह 20 से अधिक किलोमीटर का सफर तय पड़ेगा। अतिरिक्ति दूरी तय करने से न सिर्फ लोगों का समय बर्बाद होता ही है साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### बैठक में ग्रामीणों की अधिकारियों से शिकायत

विजयनगर चौकी द्वारा शांति समिति के बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कई गांव के लोग उपस्थित शामिल हुए थे। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में रोड बाधित होने की बात उठाई एवं नाराजगी व्यक्ति की। जिस पर तत्काल तहसीलदार के द्वारा जल संसाधन विभाग के एसडीओ को सड़क में आवागमन सामान्य करने की बात कही। परंतु आज तक सड़क बहाल नहीं हो सकी और लोगों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### तीन साल बाद भी पूरा नहीं हुआ कार्य

चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं 2 किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 9 माह में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु वह 36 माह में भी पूर्ण नहीं हो सका है। जिस तरह से कार्य चल रहा है उससे अब विभाग के कार्य शैली पर भी सवाल उठने लगे है। यदि समय सीमा में कार्य पूर्ण होता तो इसका समुचित लाभ किसानों को मिलता।

### जल्द कराएंगे नहर निर्माण पूर्ण

नहर निर्माण के लिए वहां खुदाई हुआ है। बारिश होने के कारण थोड़ी सी असुविधा हो रही है। प्रयास है कि जल्द से जल्द नहर को पूर्ण कराएंगे जिससे आवागमन को सामान्य हो सके।

-एमपी डहरिया, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग



## पुलिस जवानों का थाना-चौकी स्तर पर मनाया जा रहा जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस जवानों का थाना-चौकी स्तर पर जन्मदिन मनाने एवं जन्मदिन जैसे खास दिन वह अपने परिवार के साथ समय व्यतीत कर सके इसके लिए अवकाश अथवा परमिशन देने के निर्देश एसएसपी ने थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसका पालन पहले दिन से ही देखने को मिल रहा है। थानों में जवानों का जन्मदिन मनाना शुरू हो गया है और अवकाश,परमिशन भी दी जा रही है।

- इस खास दिन पर दी जा रही है अवकाश, परमिशन

1 जुलाई को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारी व जवानों के जन्मदिन मनाने एवं अवकाश,परमिशन देने के लिए एक नई मुहिम शुरू की थी और प्रभारियों को इसके निर्देश भी दिए थे। जिसका पालन अब नियमित होते देखा जा रहा है। पुलिस कन्ट्रोल रूम में पदस्थ आरक्षक राजमोहन राजवाडे तथा चौकी बसदेई में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक अल्का टोप्पो का जन्मदिन मनाया गया। नवपदस्थ चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल ने महिला प्रधान आरक्षक के जन्मदिन पर केक कटवाया। साथ ही चौकी परिसर में मिठाई बांट कर जन्मदिन पर अवकाश,परमिशन पर रवाना किया। जिले के पुलिस मुखिया के इस मुहिम से पुलिस अधिकारियों व जवानों में आत्मीयता का भाव जागृत हुआ है। जन्मदिन पर अवकाश,परमिशन मिलने से अब और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते देखे जा रहे है।

### सीटू श्रम संगठन के बीरबल व शमीम ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**बिश्रामपुर।** श्रम संगठनों के वार्षिक सदस्यता सत्यापन की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही कोल कर्मियों का संगठन बदलने का सिलसिला जारी है।भटगांव क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में दूसरे यूनियन के लोगों ने बीएमएस की सदस्यता ली है।इसी क्रम में आज शनिवार को बिश्रामपुर क्षेत्र में सीटू यूनियन के दो पदाधिकारियों बीरबल राम व मो. शमीम अली ने इस्तीफा दे दिया है।सीटू के क्षेत्रीय सचिव,अध्यक्ष के नाम भेजे इस्तीफा में दोनों ने उल्लेख किया है कि संगठन के क्रिया कलापों से असंतुष्ट होकर हम संगठन की सदस्यता सहित संगठन के सभी पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।सीटू यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीएस सोढ़ी ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व इस्तीफा देने वाले दोनों सदस्यों को गुटबाजी के आरोप में संगठन से निष्काषित किया गया था, बाद में दोनों को माफीनामा के साथ सीटू की सदस्यता दी गई थी।श्री सोढ़ी ने बताया कि आज शनिवार को दोनों के इस्तीफा देने के बाद उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है।

## श्रम संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन 17 एवं 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन द्वारा शनिवार को क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाई गई।बैठक में 9 जुलाई को चार श्रम संगठनों द्वारा कोयला उद्योग में बुलाए गए राष्ट्र व्यापी हड़ताल सहित श्रम संगठनों की वार्षिक सदस्यता सत्यापन को लेकर विचार मंथन हुआ।क्षेत्रीय महाप्रबंधक की अगुवाई में आयोजित बैठक में आगामी 9 जुलाई को राष्ट्र व्यापी हड़ताल से होने वाले नुकसान पर विस्तार से चर्चा हुई जीएम ने श्रम संघों को हड़ताल वापस लेने व कोल उत्पादन में सहयोग करने की अपील की गई।इस दौरान श्रम संगठनों के वार्षिक सदस्यता सत्यापन की तिथि का निर्धारण जेसीसी सदस्यों की सहमति पर किया गया जिसके तहत निर्णय लिया गया कि बिश्रामपुर क्षेत्र में दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन 17 एवं 18 जुलाई को सम्पन्न होगा।इन दो दिनों में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को अलग से 25 जुलाई को सदस्यता सत्यापन का अवसर प्रदान किया जाएगा,इसके अलावा जो कर्मचारी 17 से लेकर 25 जुलाई तक अधिकृत छुट्टी रहेंगे उन्हें छुट्टी पर जाने के पूर्व अंतिम कार्य दिवस के दिन कार्मिक प्रबंधक के पास व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन के साथ वैकल्पिक अवसर दिया जाएगा।सदस्यता सत्यापन के संबंध में यह भी तय किया गया कि जिस कर्मचारी का जहां बिलिंग होता है वहीं सदस्यता का सत्यापन होगा। क्षेत्रीय मुख्यालय में सदस्यता सत्यापन का समय 10 बजे सुबह से 1 बजे तक रहेगा।बैठक में प्रबंधन की तरफ से महाप्रबंधक संजय सिंह,स्टॉफ ऑफिसर ई एंड एम विजय प्रसाद, प्रबंधक एचआर एसकेपी शिंदे, हरेंद्र तिवारी सहित बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एटक, सीटू के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरित

**अम्बिकापुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला गोधनपुर में 6वीं एवं पहली कक्षा के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश के साथ शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. शिवमंगल सिंह ने मां सरस्वती के छात्रा चित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत संस्था प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद द्वारा शाला की ओर से प्रतिवेदन पेश किया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. शिवमंगल सिंह ने कहा कि संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम बनाकर हम सभी को शिक्षा के माध्यम से व्यक्तिगत उन्नति एवं समृद्धि प्राप्त करने का मार्ग दिया है। पढ़ने लिखने के लिए हर तपके के लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर इंसान अपने जीवन में सब कुछ कर सकता है परंतु जो वह कर रहा है यह सही है या गलत यह सीख गुरू से ही मिलता है। इस दौरान जफर खान, गुरूचरण सिंह, सुरेश शर्मा, चंदू विश्वकर्मा, राजू सिन्हा, चरण सिंह सैनी, शिव कुमार गुप्ता, संजय बारी, राहुल सिंह अजय जायसवाल, अजय दुबे सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश

**केदमा।** विकासखंड उदयपुर के संकुल केंद्र पेंडरखी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह और उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह देव रहे। आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई। कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों का गुलाल से तिलक कर लड्डू खिलाया गया। बच्चों को पुस्तक, पेन और कॉपी दी गई। ओमप्रकाश सिंह ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की बात कही। सिद्धार्थ सिंहदेव ने पालकों को जागरूक रहने और बच्चों को रोज स्कूल भेजने को कहा। जनपद सदस्य मुन्ना सिंह ने सभी का स्वागत किया और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। इस दौरान सरपंच बिराजो बाई, पूर्व सरपंच कलम साय, परमेश्वर सारथी, संतराम, सभी मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद रहीं। संकुल के शिक्षक गोविंद लकड़ा, महेश सिंह, सुंगध सिंह, साकेत शर्मा, कामाख्या सिंह, संकुल प्राचार्य विपिन सिंह और समन्वयक डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**::ईश्तहार::**

एतद्र द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल राय स्व. विवेकानन्द राय निवासी सुभाषनगर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (दादी) सुमाला राय (पति स्व. बलराम राय की दिनाक 18/04/2017 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्याया.- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

उ.प्र.क्र.- 18/2025
प्रो.न.- 364/2025
आगामी पेशी तिथिः 23/07/2025

अलबीना कुजूर पत्नी स्व. शरण कुजूर आयु लगभग 65 वर्ष, निवासी गोधनपुर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) ------आवेदिका

प्रति

1. स्नेह सोसन कुजूर पत्नी अनुराग कुजूर आयु लगभग 28 वर्ष, निवासी ग्राम डिंगापुर थाना व तहसील कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)
2. भारतीय स्टेट बैंक शाखा अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
3. आम जनता ------अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।**

सर्व साधारण आम जनता निवासी गोधनपुर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पुत्र स्व. अनुराग कुजूर पटवारी के पद पर पदस्थ थे जिनकी मृत्यु दिनांक-16.03.2025 को होना बताते हुए स्व. अनुराग कुजूर के मृत्यु उपरांत उसके नाम से स्टेट बैंक शाखा अम्बिकापुर में एफ.डी.क्र.- 32249181190 व 37685968570 जिसमें जमा राशि 8,85,875/- एवं 3,30,618/ को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 23/07/2025 को नियत है।

अतः इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वत. अनुराग कुजूर के मृत्यु उपरांत स्टेट बैंक शाखा अम्बिकापुर में जमा राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 23/07/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 23.06.2025 को जारी किया गया।

(समित कुमार हर्षयाना)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)



सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 जुलाई 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
मो. 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 6 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक - 5 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे ।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA



बैठने का समय :-
सुबह - 9:30 से 1:30 बजे तक
शाम - 6:00 से 8:00 बजे तक
डॉ. चंद्रांशु त्रिपाठी
MBBS, MS (General Surgeon) MCH (Urology)
Consultant Urologist, Andrologist, Uro-Oncologist
Laparoscopic & Kidney Transplant Surgeon
गुर्दा (किडनी), मूत्राशय एवं प्रोस्टेट रोग, पथरी, पुरुष प्रजनन रोग विशेषज्ञ
श्री राम हॉस्पिटल
सम्बंधित परेशानी एवं लक्षण हेतु
☑ पेशाब करने में कठिनाई, रक्त या असामान्य स्त्राव
☑ पीठ के निचले हिस्से में दर्द जननांगों में दर्द
☑ बार-बार पेशाब आना किडनी की पथरी
☑ गुर्दे व पेशाब नली के पथरी का सर्जरी
☑ पेशाब करते समय दर्द या जलन
☑ अत्याधुनिक दूरबीन तकनीक द्वारा सभी प्रकार के पथरी का सर्जरी
शितला वार्ड, अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
जानकारी व पंजीयन हेतु 8770785415, 07774-220208

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन MBBS, MS., M.CH Neuro Surgeon
डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डॉएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
6 जुलाई 2025
दिन - रविवार

17 CELEBRATING YEARS OF EXCELLENCE
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
8435061866 9926020334 9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA | BCA | BBA | BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) | BA | MSC (BOTANY/ZOOLOGY) | MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) | MSC (PHYSICS) | MSC (CS/IT) | MCOM
MSW | MA* (HINDI) | PGDBM | PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों .98261-83771

## खबर संक्षेप

### माता राजमोहनी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**अम्बिकापुर।** प्रणव भवन में जनजाति गौरव समाज के प्रदेश मंत्री राम लखन पैकरा की अध्यक्षता में प्रणव भवन में आयोजित जनजाति गौरव समाज की बैठक में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के अवतरण दिवस पर 7 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राम लखन पैकरा ने कहा कि बैठक में जनजाति गौरव समाज, संत गहिरा गुरु विवि एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संभाग से पहुंचे कार्यकर्ताओं के बीच कार्य विभाजन किया गया। बिहारी तिर्की, श्रीमती अनामिका पैकरा सरगुजा, दिनेश सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह जशपुर, रघुवीर भगत, श्रीमती शशिकला भगत बलरापुर, परमेश्वर सिंह, श्रीमती कौशल्या सिंह को कोरिया एवं एमसीबी का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। संगठन ने समाज के सभी वर्गो से शिविर में भागीदारी करने का आह्वान किया है। बैठक में सहदेव भगत, उपेन्द्र सिंह, रमेश पैकरा, अवधेश केरकेट्टा, रामनिधि यादव, चंदन यादव, हरि सिंह, महादेव सिंह पैकरा, सुजीत साव, अधिवक्ता दीपक लाल आदि उपस्थित थे।

### एक ही दुकान से किताबों की खरीदी करने अभिभावकों पर बनाया जा रहा दबाव

**बिश्रामपुर।** नगर के सतपता स्थित एक मिशनरी स्कूल में किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को एक विशेष दुकान से ही खरीददारी करने का दबाव बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि शहर के उक्त स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिकायत किया है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पुस्तकों की खरीदारी के लिए केवल एक निश्चित दुकान मात्र के नाम का सुझाव दिया गया है। स्कूल के अनुसार विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित पुस्तकें एक ही दुकान से ही लेनी होगी। अभिभावकों का आरोप है कि इस विशेष दुकान पर पुस्तकें ज्यादा महंगे दामों पर बेची जा रही हैं और उनके पास विकल्प के तौर पर अन्य दुकानों या ऑनलाइन माध्यमों से पुस्तकें खरीदने की स्वतंत्रता नहीं बची है। मंहगाई के इस दौर में अभिभावक पहले ही शुल्क, यूनिफॉर्म, प्रोजेक्ट वर्क और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के नाम पर अतिरिक्त खर्च से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि पुस्तकों की खरीद पर भी मनमानी थोपी जाए तो यह न केवल आर्थिक बोझ है, बल्कि अभिभावकों की स्वतंत्रता के खिलाफ भी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी शिक्षा नीति के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन हो रहा है,स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय से स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं में भी नाराजगी है। एक दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम भी वही किताबें रखते हैं जो सीबीएसई, आईसीएसई या राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में होती हैं, लेकिन जब स्कूल प्रबंधन केवल एक दुकान का नाम देता है तो हमारा व्यवसाय भी प्रभावित होता है। अभिभावकों ने सूरजपुर कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि निजी स्कूल द्वारा की जा रही इस एकांगी व्यवस्था की निष्पक्ष जांच हो और यदि इसमें कोई सांठगांठ पाई जाती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कथा वाचक से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**अंबिकापुर।** इटावा के बकेवर इलाके के दादरपुर गांव में कथा वाचक एवं सहायकों के साथ की गई मारपीट के मामले में संभाग के अखिल भारतीय यादव महासभा ने कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। महासभा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा दादरपुर गांव में भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान कुछ दबंग लोगों द्वारा कथा व्यास से उनकी जाति पूछी गई। कथा वाचक द्वारा अपनी जाति यादव बताने पर लोगों ने अभद्र व्यवहार करते हुए उनके बाल कटवाए, नाक रगड़वाई और मारपीट करने के बाद स्थल का शुद्धिकरण कराया गया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान जातिगत भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। ये व्यक्ति की गरिमा और प्रतिष्ठा से जीवन जीने के मौलिक अधिकार के विरूद्ध किया गया अपराध है अखिल भारत वर्षीय यादव गहासना छत्तीसगढ़ इस घटना की घोर निन्दा करती है। महासभा ने सरकार से मांग की है कि आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मभासभा के संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव, प्रांतीय वरिष्ठ उपध्यक्ष राजकुमार यादव, सभागीय महामंत्री धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष श्रवण यादव, नगर अध्यक्ष राधेश्याम यादव, अधिवक्ता जयकांत यादव, संतोष यादव, हीराधर यादव, प्यारेलाल यादव मौजूद थे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 6 जुलाई रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।




## बाढ़ के कारण आवागमन हुआ मुश्किल

# बारिश में टापू बना चांदनी-बिहारपुर का दूरस्थ ग्राम रसौकी, टूटा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

**खास बातें**

- गांव तक नहीं बन सकी है सड़क
- किसी के बीमार पड़ने पर होती है भारी परेशानी
- कतहसील कार्यालय, अस्पताल की बढ़ी दूरी

देश को आजादी मिले 78 साल पूरा होने को है लेकिन अभी तक विकासखण्ड ओड़गी के सात ग्राम पंचायतों को पहुंचविहीनता से मुक्ति नहीं मिल पाई है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसौकी बारिश में टापू बन गया है। लगातार बारिश के बाद ग्राम रसौकी चारो तरफ से बरंगा नदी की बाढ़ से घिर गया है तथा लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

ग्राम पंचायत रसौकी सूरजपुर जिले का अंतिम गांव है तथा कोरिया जिला के सीमा पर बसा है। आवागमन के लिए अभी गांव तक सड़क नहीं बन सकी है। जनप्रतिनिधियों की पहल पर तत्कालीन भाजपा सरकार ने पहली बार चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र की चिंता कर आवागमन के लिए सड़क निर्माण कराने का निर्णय लिया तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 36 किमी लम्बी बिहारपुर-रसौकी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से निर्माण शुरू भी कराया लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद दोगुने समय में बिहारपुर से उमझर तक 23.9 किमी सड़क ही बन सकी। नक्सलियों के गढ़ में ठेकेदार ने सड़क निर्माण करने की हिम्मत नहीं की जिसके कारण उमझर से रसौकी तक की 12 किमी लम्बी सड़क आज तक नहीं बन सकी। मध्यप्रदेश का बैढ़न जिला नजदीक होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश लोग इलाज एवं जरूरत के सामानों की खरीदी बैढ़न से ही करते हैं। आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण कम दूरी होने के बावजूद लोग तहसील मुख्यालय बिहारपुर काफी मुश्किल से पहुंचते हैं। उन्य दिनों में तो लोग बाइक एवं ट्रैक्टर से जैसे-तैसे यात्रा कर लेते हैं लेकिन बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता है। बारिश में बरंगा नदी लबालब हो जाती है तथा उमझर-रसौकी मार्ग को अलग-अलग चार स्थानों पर काटती है। बाहर जाने के लिए ग्रामीणों को नदी के चौड़े चार पाटों को पार करने के लिए पैदल 5 किमी का सफर करना पड़ता है जिसके बाद लोग बाइक से उबड़खाबड़ कच्ची सड़क का सफर कर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं। तहसील मुख्यालय, अस्पताल और स्कूल-कॉलेज यहां तक कि बैढ़न जाने के लिए भी ग्रामीणों को हर बार चार स्थानों पर नदी को पैदल पार करना पड़ता है। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर ग्राम रसौकी तक मरीज को 12 किमी पैदल खाट पर लाना पड़ता है तब एम्बुलेंस अथवा चारपहिया वाहन उपलब्ध हो पाता है। गांव में नेटवर्क भी नहीं रहता जिससे लोग किसी को अपना हाल बता सकें। गांव में बीएसएनएल ने अपना टॉवर लगाया है लेकिन अभी टॉवर को शुरू नहीं किया जा सका है।



बुखार पीड़ित को पीठ पर बैठाकर पैदल नदी पार कराते परिजन।

### मरीज को पीठ पर बैठाकर कराया नदी पार

रसौकी निवासी कुंदन प्रसाद शुक्ला (47 वर्ष) को लम्बे समय से तेज ज्वर आने पर परिजन शुक्रवार को उपचार कराने बैढ़न ले गए। परिजन ने पीड़ित को पीठ पर बैठाकर पैदल उफनती बरंगा नदी को पार कर कच्ची सड़क तक ले आए तथा बाइक से बैढ़न अस्पताल ले गए। गांव की किसी प्रसूता की तबीयत बिगड़ने अथवा प्रसव के लिए उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है तथा चारपाई के सहारे पीड़िता को नदी पार करा सड़क तक लाना पड़ता है। दो सालों पूर्व शासन ने लोनिवि को उमझर-रसौकी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि भूमि विवाद के कारण विभाग को टेंडर निरस्त करना पड़ा।

#### ये गांव हैं पहुंचविहीन

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत हाल के वर्षों तक एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतें पहुंचविहीन थीं। शासन-प्रशासन के लगातार प्रयासों से आधा दर्जन गांवों तक पक्की सड़क बन गई है जिससे ग्रामीणों का जीवन आसान हुआ है तथा उनका जीवन स्तर भी बदला है। विकासखण्ड का ग्राम पंचायत छतौली, बीजो, घुईडीह, रसौकी, लुल्ह, मुण्डा एवं खोहिर अभी भी पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे हैं। प्रशासन इन पहुंचविहीन गांवों के लिए भले ही कुछ नहीं कर सका हो लेकिन बरसात पूर्व चार महीनों का राशन समय पर भण्डारित करा देता है।

#### 14 किमी दूर हाईस्कूल

ग्राम रसौकी के बच्चे 14 किमी दूर ग्राम महुली स्थित हाईस्कूल में पढ़ाई करने जाते हैं जबकि हायर सेकेण्डरी एवं कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई करने 45 किमी दूर बिहारपुर जाना पड़ता है। कुछ बच्चे बिहारपुर में रहकर पढ़ाई करते हैं जबकि कुछ बाइक से रोज आना-जाना करते हैं। बरंगा नदी के लबालब होने के बाद बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। बरसात बाद नदी का जल स्तर कम होने पर गांव के बच्चे स्कूल -कॉलेज पहुंचेंगे।

#### विरोध के कारण टेंडर निरस्त

शासन द्वारा सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा ठेकेदार ने निर्माण शुरू भी कर दिया था। प्रस्तावित सड़क गुरूघासी दास प्रक्षेत्र अंतर्गत होने के कारण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे थे जिस कारण टेंडर निरस्त करना पड़ा।

-ललित भोई
ईई, लोनिवि सूरजपुर



### परिश्रम कर बने सफल नागरिक : दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संभागायुक्त की मौजूदगी में हुआ छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह

शनिवार को शहर के होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु चयनित छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा शामिल हुए।

प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी चयनित छात्र संसद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष पद पर क्रमशः शाश्वत पाण्डेय और अन्वेषा सिन्हा, उपाध्यक्ष पद पर शौर्य गुप्ता और अम्बिका सिंह, सचिव पद पर तेजस राज सोनी, सहसचिव पद पर काश्वी अग्रवाल चयनित हुए। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अपर्णा सरकार ने स्वागत उद्बोधन किया। मुख्य अतिथि और प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी द्वारा बैच और सैश पहनाकर छात्र प्रतिनिधियों को अलंकृत किया गया। इसके बाद सभी छात्र प्रतिनिधियों को बैच लगाकर उन्हें जिम्मेदारियों से जोड़ा गया। संभाग आयुक्त श्री दुग्गा ने छात्र संसद को संबोधित करते हुए स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि छात्र जीवन से लेकर आज कमिश्नर सरगुजा के पद पर आसीन होने तक का मेरा सफर आसान नहीं था। गांव में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद अथक परिश्रम करते हुए मैंने यह यात्रा तय की है। उन्होंने बच्चों से कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। आप सभी भाग्यशाली है कि आपकी शिक्षा की शुरुआत एक उच्च कोटि के विद्यालय में हुई है। आप के माता पिता अपने सुख की परवाह किए बिना आपको अच्छे स्कूल में पढ़ा रहे है तो आपका भी यह फर्ज बनता है कि आप कठिन परिश्रम करे और एक सफल नागरिक बने। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी ने भी संबोधित किया अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मिस रिम्शा श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, श्रीमती जिनी थामस ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती अनुराधा अग्रवाल ने किया।

### दुकानदार को थोक में मोबाइल बेचने के नाम पर 1.78 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मेन मार्केट साईं कॉम्प्लेक्स स्थित एक स्थानीय मोबाइल दुकानदार से रायपुर के आरआर मोबाइल शॉप के नाम पर अज्ञात शख्स ने 1 लाख 78 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि नपं शिवनंदनपुर मुख्य मार्केट स्थित बालाजी मोबाइल दुकान के संचालक प्रार्थी 34 वर्षीय शैंकी मित्तल पिता नित्यानंद मित्तल के पास पिछले दिनों 30 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर खुद को आरआर मोबाइल शॉप रायपुर का प्रतिनिधि बताया।उसने थोक दर पर मोबाइल बेचने की बात कही और शैंकी मित्तल से व्यापारिक सौदे के लिए रेट लिस्ट शेयर की।रेट लिस्ट देखने के बाद शैंकी मित्तल ने 1,78,500 रुपए कीमत के मोबाइल सेट ऑर्डर करने का निर्णय लिया।अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सएप पर अपना बारकोड भी भेजा और उसी के माध्यम से दो किश्तों में भुगतान कराया गया जिसमें 90 हजार रुपए सैंकी मित्तल के बैंक खाता और 88,500 रुपए उनके पिता के खाते से पेमेंट किया गया,इस पर आरोपी ने आश्वासन दिया कि रायपुर बस से बिश्रामपुर के लिए पार्सल लोड किया जा रहा है और जल्द ही डिलीवरी हो जाएगी। प्रार्थी ने बताया कि उसी शाम कई बार कॉल करने के बाद भी उस नंबर से कोई संपर्क नहीं हो पाया।अगले दिन सुबह 7.30 बजे जब प्रार्थी शैंकी मित्तल बिश्रामपुर बस स्टैंड पहुंचे और बस ऑफिस में जानकारी ली, तो यहां पर सामान का कोई भी पार्सल आरआर मोबाइल शॉप रायपुर की तरफ से नहीं आने की बात कही गई।इसके बाद फोन नंबर बंद मिलने पर दुकानदार शैंकी मित्तल को समझ में आया कि वे एक सुनियोजित ठगी के शिकार हो चुके हैं।

प्रार्थी ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की है। साइबर सेल की जांच उपरांत शिकायत पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।




## संजयनगर में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर 7 एकड़ शासकीय भूमि को कराया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- लटोरी तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध जयनगर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

एनएच 43 किनारे बसे ग्राम संजयनगर के पुनर्वास की क्षेत्र में कई करोड़ रुपये कीमती की शासकीय भूमि को हड़पने की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है।

लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई है।जयनगर पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराकर 7 एकड़ शासकीय भूमि को अपने नाम पर दर्ज कराने की साजिश रची है।पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता महादेव मित्रा नामक व्यक्ति द्वारा थाना जयनगर में आवेदन देकर आरोप लगाया कि दो धनंजय मंडल पिता विश्वनाथ मंडल निवासी रविन्द्रनगर और दिलीप दास पिता स्व. सुधीर दास निवासी पीवी-42, विद्यानगर,पखांजूर ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे मृतक कन्हाईलाल दास व सुधीर दास का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया है।जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दोनों ही मृत्यु प्रमाण पत्र झूठे शपथ पत्रों और विरोधाभासी जानकारियों पर आधारित थे।शिकायतकर्ता के हवाले से लटोरी तहसीलदार ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट में बताया कि दोनों आरोपियों ने अलग-अलग स्थान और दिनांक दर्शाते हुए मृतकों की मृत्यु से जुड़े दो अलग-अलग शपथ पत्र प्रस्तुत किए।एक तरफ सुधीर दास की मृत्यु 10 अगस्त 2001 को ग्राम संजयनगर में बताई गई, वहीं दूसरी तरफ उनके पुत्र दिलीप दास द्वारा तहसील पखांजूर में प्रस्तुत शपथ पत्र में मृत्यु 10 मई 2001 और स्थान पीवी 42 दर्शाया गया है।उसी तरह कन्हाईलाल दास की मृत्यु कभी रविन्द्रनगर तो कभी संजयनगर में बताई गई।प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी ने मृत्यु की पुष्टि करते हुए प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर किए लेकिन बाद में जांच के दौरान उन्होंने इस प्रमाण पत्र की जानकारी से इंकार कर दिया।बताया जा रहा है कि जारी हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों के आधार पर ग्राम संजयनगर स्थित खसरा नंबर 417, 418 और 420 की 7 एकड़ शासकीय भूमि को दिलीप दास ने अपने नाम पर करा लिया गया। लटोरी तहसीलदार ने बताया कि मामले की जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत किए गए शपथ पत्रों में स्थान और तारीख में भारी विसंगति थी।मृत्यु की पुष्टि करने वाले दस्तावेज ग्राम पंचायत की जानकारी के बिना जारी किए गए थे।पटवारी द्वारा भी विरोधाभासी बयान दिए गए। तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा ने उक्त कृत्य को धोखाधड़ी व आपराधिक प्रवृत्ति का कार्य करार देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रकरण सार्वजनिक संपत्ति को ठगों के माध्यम से कब्जाने की सोची-समझी चाल थी। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से तीन लोगों क्रमशः धनंजय मंडल, दिलीप दास और ग्राम संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।

लटोरी तहसीलदार ने बताया कि जांच के बाद इन दोनों मृतकों के नाम पर जारी किए गए मृत्यु प्रमाण पत्रों को संदिग्ध व कूटरचित मानते हुए जिला सांख्यिकी अधिकारी की अनुशंसा पर निरस्त कर दिया गया है।लटोरी तहसीलदार की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने दो आरोपी रविंद्रनगर निवासी धनंजय मंडल पिता विश्वनाथ मंडल व पीवी 42 विद्यानगर पखांजूर कांकेर निवासी दिलीप दास पिता सुधीर दास के खिलाफ धारा 420, 120 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



### 2 सौ किसानों को बांटे गए मूंगफली बीज किसान होंगे लाभान्वित

**केदमा।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड के तहत पहले चरण में ग्राम केदमा में 100 हेक्टेयर जमीन पर मूंगफली बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। इसका लाभ केदमा, मरेया, सितकालो और बुले गांव के 200 किसानों को मिलेगा। बीज वितरण विधायक राजेश अग्रवाल ने किया। इस दौरान विनोद हर्ष, राधा रवि, प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, कृतिका सिंह, लगत मोती, मनबोध सिंह, मनीष बंसल, राकेश अग्रवाल, बृजेश चतुर्वेदी, नागेश्वरी सिंह, बुधमोहन सिंह के अलावा कृषि विभाग से उपसंचालक पीएस दीवान, सहायक संचालक आरबी बड़ा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती बिबियाना बेक और राधा कृष्णन भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## शालाओं में बच्चों की उपस्थिति करवाएं सुनिश्चित: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शनिवार को घरघोड़ा विकासखंड के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बहिरकेला गांव में निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसीज से कार्य पूर्णता के बारे में अपडेट लिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सिविल वर्क और इलेक्ट्रिक फिटिंग का काम पूरा किया जा चुका है। बिजली कनेक्शन लगवाया जाना शेष है, कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी बरौनाकुंडा में ऑयल पॉम प्लांटेशन कर रहे किसानों से मिलने पहुंचे। उन्होंने यहां प्लांटेशन के रकबे के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 6 किसान 20 एकड़ जमीन में ऑयल पॉम लगा रहे हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को विभागीय योजनाओं के द्वारा दिए जाने वाले सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने घरघोड़ा में पीएम आवास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आवास का काम जल्द पूरा करवाने तथा आवास के लिए शौचालय की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्री.मेट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई.लिखाई और छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल में बच्चों की उपस्थिति के बारे में भी पूछा। कुछ बच्चे जिन्होंने छात्रावास में प्रवेश लिया हैए किन्तु अभी तक शिफ्ट नहीं होने की जानकारी मिली।

### नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

**अम्बिकापुर।** घर से नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से 50 नग नशीला इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी कमलेश कुर्रे उर्फ करिया अपने घर में बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने उसके घर दबिश देकर उसके पास से 50 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार लिया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।






